# कैबिनेट में उठा लैंड पूलिंग का मामला

## सरकार के लिये किसानों का हित सर्वोपरि : सीएम

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 18 नवंबर. मंगलवार को अनौपचारिक कैबिनेट में सिंहस्थ लैंड पूलिंग योजना का मामला छाया रहा. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों को बीती रात हुई बैठक का ब्यौरा दिया और बताया कि आखिर ये मामला क्यों वापस लिया गया. उन्होंने कहा कि सरकार के लिये किसानों का हित सर्वोपरि है. उनकी सहमति के बगैर सरकार कोई काम नहीं करेगी.**

उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े मेले सिंहस्थ 2028 का आयोजन पूर्ण गरिमा-गौरव-भव्यता और दिव्यता के साथ करने के लिए साधु संतों, जिला प्रशासन, अन्य राज्यों में हुए कुंभ एवं सिंहस्थ के व्यवस्थापकों तथा स्थानीय किसानों के सुझाव लेकर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. लैंड पूलिंग के विषय पर स्थानीय किसानों के विचारों के अनुसार कार्य किया जाएगा.

बाद में कैबिनेट ब्रीफिंग के दौरान उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कैबिनेट में इस संबंध में हुई चर्चा को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि सिंहस्थ क्षेत्र के



लिये सिर्फ लैंड पूलिंग एक्ट वापस लिया गया है. उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग इस पर काम करेगा, तब सारी चीजें सामने आएंगी. आप इस मामले में आश्वस्त रह सकते हैं, वहां चारों तरफ सिंहस्थ को लेकर चर्चा चल रही है. सिक्स लेन, फोर लेन रोड बन रहे हैं. फ्लायओवर,घाट बन रहे हैं. उसके साथ ही ज्यादा बेहतर व्यवस्थाएं हो सकें, उसके लिये जो निर्णय हुए थे, उसमें से लैंड पूलिंग एक्ट को वापस लिया गया है.

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में भी मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि इस बार उज्जैन में भव्य, दिव्य और विश्व स्तरीय सिंहस्थ- 2028 मेले का आयोजन किया जाएगा. राज्य सरकार इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पर गंभीरता के साथ कार्य कर रही है. अब उज्जैन सिर्फ हमारा धार्मिक शहर ही नहीं, बल्कि यह धार्मिक पर्यटन और ज्ञान-विज्ञान के बड़े केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उज्जैन में इस बार अद्भुत सिंहस्थ का आयोजन होने वाला है. इसके लिए राज्य सरकार जिला प्रशासन, साधु-संतों के साथ-साथ किसानों से भी सुझाव ले रही है. हर वर्ग की परेशानियों को दूर करते हुए सबको साथ लेकर बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं.

### 5 हजार छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती होगी

अनौपचारिक कैबिनेट के दौरान मुख्यमंत्री ने अन्य विषयों पर चर्चा की. उन्होंने मंत्रियों को बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के तहत संचालित सभी कन्या छात्रावास और आश्रमों का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाएगा. बालक छात्रावासों का नाम भी महाराजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के नाम पर रखा जाएगा. उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 में 5 हजार छात्रावास अधीक्षकों की भर्ती होगी. सीएम ने इंदौर में हुए एमपी टेक ग्रोथ को लेकर भी जानकारी साझा की.

> सिंहस्थ मेला क्षेत्र के विकास के संबंध में किसानों की भावना और उनकी सहमति के अनुसार गतिविधियां संचालित की जाएंगी. केन्द्र सरकार के सहयोग और राज्य सरकार के उचित नियोजन के परिणामस्वरूप सिंहस्थ के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं. सिंहस्थ का आयोजन विश्वस्तरीय है और इसके लिए विश्वस्तरीय प्रबंधन किए जा रहे हैं. भविष्य में किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की विषम परिस्थिति निर्मित न हो, इसके लिए सभी तरह के प्रबंध राज्य सरकार कर रही है. सिंहस्थ - 2028 की व्यवस्थाएं अब तक के सभी मेलों से बेहतर होगी.

## रेत माफिया ने डायल 112 के चालक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**मुरैना.** जिले के सिविल लाइंस थाने में पदस्थ डायल 112 वाहन के चालक देवदत्त माहेश्वरी की रेत माफिया द्वारा सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर की गई पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. यह घटना जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है. देवदत्त माहेश्वरी इन दिनों अपने निजी भवन का निर्माण कार्य कर रहे हैं. बताया गया है कि उन्होंने भवन निर्माण के लिए अवैध रूप से संचालित एक रेत मंडी से रेत की ट्राली मंगवाई थी. जब रेत कारोबारी ने उनसे पैसे मांगे, तो माहेश्वरी ने यह कहते हुए भुगतान करने से मना कर दिया कि रेत अवैध है. ट्रैक्टर चालक बिना पैसे लिए वापस लौट गया और मौके की तलाश में रहा.

# किसानों से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरा



**विशेष संवाददाता**

**भोपाल,18 नवम्बर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभागार में सोमवार को आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेताओं ने लैंड पूलिंग एक्ट और किसानों से जुड़े मुद्दों पर राज्य सरकार को कड़े शब्दों में घेरा. इस दौरान उपाध्यक्ष (संगठन) एवं पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे, विधायक महेश परमार, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री एवं उज्जैन जिला प्रभारी अमित शर्मा तथा उज्जैन शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी उपस्थित रहे.**

विधायक महेश परमार ने उज्जैन में लैंड पूलिंग एक्ट की वापसी को किसानों की 'ऐतिहासिक जीत' बताया. उनका कहना था कि यह एक्ट क्षेत्र के करीब 19 गांवों की जमीन बिना उचित मुआवज़े और बिना सहमति के अधिग्रहित करने का प्रयास था. लगातार आंदोलनों, जनजागरण, विरोध-प्रदर्शनों और विधानसभा में उठाए गए सवालों के बाद सरकार को पीछे हटना पड़ा. परमार ने इसे केंद्र सरकार द्वारा तीन कृषि कानून वापस लेने जैसी स्थिति बताया.

> उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव से सवाल किया कि दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के दौरान इस एक्ट को विधिवत वापस क्यों नहीं कराया गया. क्या इसकी वापसी सिर्फ उज्जैन तक सीमित है या पूरे प्रदेश के लिए लागू होगी? साथ ही उन्होंने मांग की कि क्या यूपीए सरकार द्वारा लागू चार गुना मुआवज़े का प्रावधान पुनः बहाल किया जाएगा. पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे ने भाजपा सरकार पर उद्योगपतियों के हित में किसान विरोधी नीतियाँ अपनाने का आरोप लगाया. धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कांग्रेस की किसान हितैषी नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ी है.

# मध्यप्रदेश में कड़ाके की सर्दी, पारा 5 डिग्री से नीचे

### आधे प्रदेश में शीतलहर का अलर्ट

### 84 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा भोपाल में | 09 जिलों में स्कूलों का समय बदला

**भोपाल, 18 नवंबर. मध्यप्रदेश में बर्फीली उत्तरी हवाओं ने सर्दी का प्रभाव कई गुना बढ़ा दिया है. भोपाल, इंदौर, राजगढ़ सहित कई जिलों में रात का तापमान सामान्य से कई डिग्री नीचे पहुंच गया. भोपाल में रात 5.2 डिग्री तापमान दर्ज हुआ, जो नवंबर माह में पिछले 84 वर्षों का सबसे न्यूनतम पारा है. इससे पहले 1941 में 6.1 डिग्री का रिकॉर्ड था. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश के लगभग आधे हिस्से में शीतलहर और तीव्र शीतलहर का अलर्ट जारी किया है.**



राजगढ़ 5.6 डिग्री के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा. पचमढ़ी में 6.4, उमरिया 7.6, नौगांव 7.8, बैतूल 8.7, इंदौर 7.7, ग्वालियर 10.5 और जबलपुर में 9 डिग्री तापमान दर्ज किया गया.

> तेज ठंड के कारण कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है. इंदौर में कलेक्टर शिवम वर्मा ने 18 नवंबर से स्कूल सुबह 9 बजे लगाने के निर्देश दिए. भोपाल में नर्सरी से 8वीं तक की कक्षाएं सुबह 8 :30 बजे से पहले शुरू नहीं होंगी. ग्वालियर, देवास, झाबुआ, छिंदवाड़ा, सागर, शहडोल, शिवपुरी और खंडवा में भी समय परिवर्तन लागू किया गया है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश का मौसम मुख्यतः शुष्क रहा, लेकिन कई जिलों में शीतलहर और तीव्र शीतलहर का प्रभाव स्पष्ट रहा.

## तेज रफ्तार बोलेरो के पलटने से दो की मौत, एक गंभीर

**पन्ना.** जिले में तेज रफ्तार बोलेरो के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई. हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है. पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करतल से अजयगढ़ की ओर आ रही बोलेरो कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई.

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर 3 शिक्षक निलंबित

**भिण्ड, 18 नवम्बर. मध्यप्रदेश में भिण्ड कलेक्टर करोड़ी लाल मीणा ने जिला निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले तीन शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है.**

वहीं गोहद एसडीएम ने ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर मतदाता सत्यापन कार्य की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया. गौरतलब है कि जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सरकारी कर्मचारी युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं. आधिकारिक जानकारी के अनुसार पहला मामला शासकीय बालक प्राथमिक विद्यालय कोंहार के सहायक शिक्षक बालकृष्ण शर्मा का है. उन्हें परिवार लिंकिंग और मैपिंग कार्य के लिए बीएलओ नियुक्त किया गया था तथा प्रशिक्षण भी दिया गया था, लेकिन उन्होंने न तो प्रशिक्षण में उपस्थिति दर्ज कराई और न ही मैपिंग कार्य किया. नोटिस का जवाब नहीं देने पर उनके विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई.

# खेत में बाड़ी लगाने पर प्रौढ़ पर लाठियों से किया था हमला

## सरई पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या की गुत्थी का किया खुलासा, पुलिस ने तीनों आरोपियों किया गिरफ्तार, सरई थाना के समीपी इटमा गांव की घटना

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 नवम्बर। सरई थाना क्षेत्र के समीपी इटमा गांव में बीते दिन सोमवार की अलसुबह एक प्रौढ़ व्यक्ति की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। जहां मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जहां 24 घंटे के अंदर हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाते हुये तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हत्या करने की वजह खेत में बाड़ी लगाने को लेकर की गई।**

सरई थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया ने घटना



के संबंध में बताया कि कटुली साकेत पिता दुलारे साकेत उम्र 65 वर्ष निवासी इटमा ने सोमवार की सुबह सूचना दी कि राजेन्द्र साकेत पिता विश्वनाथ साकेत उम्र 50 वर्ष निवासी अमहाटोला जो रिस्ते में मेरा भतीजा है। बीते 16 नवम्बर को राजेन्द्र साकेत उर्फ पप्पू साकेत का रवि साकेत के साथ टाटा खोलने की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें रवि साकेत लकड़ी का बास की डण्डे से राजेन्द्र साकेत के साथ मारपीट किया था, जहां बीते दिन सोमवार को राजेन्द्र साकेत की मृत्यु हो गई है ।

सूचना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव का पीएम सीएचसी सरई से कराया गया। टीआई के अनुसार विवेचना के दौरान जानकारी मिली कि सोमवार को आरोपी रवि साकेत मृतक राजेन्द्र साकेत के खेत की बाड़ी में लगा टाटा को हटा दिया था, तब इसी बात पर आरोपी रवि साकेत, सुनील कुमार साकेत एवं गुलाब साकेत सभी निवासी ग्राम इटमा द्वारा गंदी-गंदी गाली दी। व रवि साकेत मारने के लिए बाड़ी में लगा बास को उठालिया तो मृतक अपने बचाव के लिए घर से कुल्हाड़ी लेकर आया तो आरोपी रवि साकेत लकड़ी के गेड़ा से मृतक के सिर में मार दिया, जिससे वह खेत के मेड़ में गिर गया, हालत गंभीर होने पर खेत में काम कर रहे मजदूरो द्वारा मृतक को उसके घर में सुला दिया, जिसकी मृत्यु हो गई ।

### आरोपियों ने अपना जुर्म कबूला

पूछतांछ के दौरान उक्त आरोपियों ने अपना जुर्म भी कबूला है।आरोपीगण रवि साकेत पिता भरतलाल साकेत उम्र 23 वर्ष, सुनील कुमार साकेत पिता कैलाश साकेत उम्र 23 वर्ष एवं गुलाब साकेत पिता कृष्ण कुमार साकेत उम्र 28 वर्ष सभी निवासी ग्राम इटमा थाना सरई को आज दिन मंगलवार को धारा 103(1), 296(बी),3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।हत्या की गुत्थी को सुलझाने में निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया, उनि सूरज सिंह, सउनि उपेन्द्र सिंह भदौरिया, गुलराज सिंह , संतोषी सिंह, प्रआर रामनरेश प्रजापति, विजय तिवारी, लक्ष्मीकांत साहू, अनुराग मिश्रा, हरि भजन सिंह, आर रिंकू धाकड़, शिवम पाटकर, तेजभान सिंह, अशोक यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 18 नवम्बर, थाना रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने हत्या के मामले में फरार ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. वारदात के बाद से आरोपी लगातार फरार चल रहा था. जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई थी.**

मिली जानकारी के अनुसार 15 मई 2025 को ग्राम पहड़िया दरिया प्लांट के सामने आरोपी भूरा उर्फ सूर्यभान पाल, अजय पाल, राहुल पाल, मथुरा प्रसाद पाल, रोहित पाल, मुनेश पाल के द्वारा मारपीट कर मृतिका श्यामकली पाल की हत्या कर दी गई थी. मामले में आरोपी रोहित पाल, मुनेश पाल, राहुल पाल घटना दिनांक से फरार थे. आरोपी रोहित पाल पिता मथुरा प्रसाद पाल उम्र 24 वर्ष नि. हनुमानपुर पहड़िया थाना सगरा की पतासाजी हेतु 5000 रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था. पतासाजी के दौरान आरोपी रोहित पाल पिता मथुरा प्रसाद पाल उम्र 24 वर्ष नि. हनुमानपुर पहड़िया थाना सगरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.

### रोजगार मेला शासकीय आईटीआई रीवा में आज

युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय आईटीआई रीवा में 19 नवम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं. रोजगार मेले में 24 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है.

## फांसी लगाने एवं सर्प दंश से दो की मौत

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 नवम्बर।चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम अमिलहवा निवासी एक 20 वर्षीय युवक ने बीती रात अज्ञात कारणों से घर के पीछे नीम के पेड़ की डाली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अमिलहवा निवासी एक 20 वर्षीय युवक मुंशीलाल सिंह गोड़ पिता देवबहादुर सिंह बीते दिन सोमवार की रात घर के पीछे नीम के पेड़ की डाली में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पथरकटी निवासी 25 वर्षीय महिला किस्मितिया उर्फ मेथीदेवी अगरिया को जहरीला सर्फ ने काट लिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### पिकअप से चार भैंस बरामद

जियावन थाना क्षेत्र के उमरहर-लोहराबांध के पास भैंस एवं पड़वे को क्रूरता पूर्वक पैरों को बांध कर पिकअप में लोड़ कर कहीं बाहर बेचने ला जा रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर चार भैसो को बरामद कर पिकअप वाहन को जप्त करते हुये आरोपी के तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि उमरहर-लोहराबांध के पास पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडजी 6097 में भैस व पड़वा लोड कर कहीं बेचने की तैयारी है। थाना प्रभारी ने पुलिस स्टाफ गुलाब सिंह, दिनेश कुमार एवं अन्य रात्रि गस्त के दौरान रवाना किया गया,



## सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**चाकघाट, 18 नवम्बर. सरस्वती शिशु मंदिर चाकघाट में 14 नवम्बर को सरस्वती शिक्षा परिषद मध्यप्रदेश की योजनानुसार सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम भव्य और दिव्य रुप में सम्पन्न हुआ.**

का जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज तिवारी रहीं जबकि अध्यक्षता श्रीमती प्रतिमा सतीश गुप्ता उपाध्यक्ष नगर परिषद चाकघाट द्वारा की गई 7 कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया 7 मुख्य वक्ता के रुप विद्यालय की सह सचिव सुश्री गृषा शुक्ला द्वारा *भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका* विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन प्रस्तुत किया गया 7 द्वितीय वक्ता के रूप में श्रीमती शालिनी सिंह द्वारा *कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण* पर सारगर्भित उद्बोधन प्रस्तुत किया गया7 कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों ने भारत की महान नारियों के कृतित्व को अपनी कला के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया7 कार्यक्रम में संयुक्त परिवार की सबसे वरिष्ठ माता, श्रीमती शिव कुमारी गुप्ता को सम्मानित किया गया. साथ ही शहीद की पत्नी श्रीमती अनूपा त्रिपाठी, शहीद जीतेंद्र कुशवाहा की माताजी को सम्मानित किया गया 7 पर्यावरण एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली माताओं को भी सम्मानित किया गया.

# पुनर्गठन के मूल में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सक्षम बनाना : मिश्रा

## जन-अपेक्षाओं एवं भौगोलिक आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन पर हुआ विचार-मंथन

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 18 नवम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में एक अधिक जनोन्मुखी, सुलभ और कुशल प्रशासनिक ढांचा विकसित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट में मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**

बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एस.एन. मिश्रा ने की। इस बैठक का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और जन अपेक्षाओं को आधार बनाकर वर्तमान संभाग, जिला, तहसील एवं विकासखण्ड प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन पर व्यापक



विचार-मंथन करना था, ताकि प्रशासन नागरिकों तक और अधिक सुगमता, समरसता एवं दक्षता के साथ पहुंच सके।आयोग के अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन का मूल लक्ष्य केवल सीमाओं में परिवर्तन नहीं, बल्कि आमजन को केंद्र में रखकर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सक्षम, समीपस्थ और सुचारु बनाना है। उन्होंने बताया कि पुनर्गठन के लिए आयोग द्वारा अधोसंरचनात्मक ढांचा, क्षेत्रफल, प्राकृतिक सीमाएं, आर्थिक व्यवहार्यता, सामाजिक समरसता, जनसुविधा, सेवा-प्रदान तंत्र एवं कानून-व्यवस्था जैसे व्यापक मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं। इन्हीं मानकों के आधार पर सभी जिलों को विस्तृत प्रश्नावली भेजी गई है, जिसमें स्थानीय परिस्थितियों और जन आकांक्षाओं के अनुरूप समुचित सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि कई तहसीलें एवं विकासखण्ड मुख्यालय वर्तमान जिला मुख्यालयों से अत्यधिक दूरी पर स्थित हैं, जबकि उनके समीपस्थ जिलों से उनकी कनेक्टिविटी अधिक मजबूत है। ऐसे मामलों का परीक्षण कर युक्तियुक्त एवं जनसुविधा आधारित प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर सुझाव देने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे नागरिक स्वयं भी अपने सुझाव दर्ज कर सकेंगे।आयोग के सचिव अक्षय सिंह आईएएस ने प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन से संबंधित प्रक्रिया, प्रावधानों तथा तय दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि आयोग का कार्यक्षेत्र वर्तमान संभाग, जिला, उपखंड, तहसील एवं विकासखण्ड के परिसीमन और युक्तियुक्तिकरण के संबंध में अनुशंसाएं तैयार करना, प्रशासनिक इकाइयों की पदीय संरचना का उनके कार्य एवं आकार के अनुरूप पुनर्संगठन करना, नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत निर्धारित करना तथा संपूर्ण तंत्र की प्रशासनिक दक्षता ब?ाने हेतु सुझाव देना है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि प्रदेश में प्रशासन को और अधिक सुगम एवं परिणाम-केंद्रित बनाने के लिए प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन अत्यावश्यक है। उन्होंने उपखंड एवं तहसील स्तर पर विभागीय समन्वय की प्रभावशीलता ब?ाने हेतु एक समर्पित प्रशासनिक अधिकारी की आवश्यकता पर बल दिया।बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी राजेश शुक्ला, उपखंड अधिकारी गोपद-बनास राकेश शुक्ला सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रक की बैटरी चुराने वाले आरोपी पकड़ाए

**नवभारत न्यूज**

**सिरमौर, 18 नवम्बर. थाना बैकुंठपुर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक बैटरी चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विक्की बसौर पुत्र निवासी ग्राम, थाना बैकुंठपुर के रूप में हुई है।**

थाना प्रभारी बैकुंठपुर श्री जे.पी. पटेल ने बताया कि दिनांक 17 नवंबर 2025 को शाम करीब 8ः00 बजे शांति ढाबा के पास ख? एक ट्रक से अज्ञात चोर द्वारा बैटरी चोरी कर ली गई थी। ट्रक चालक द्वारा इसकी सूचना थाने में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल संदेहियों पर निगरानी ब?ाई तथा गस्त के दौरान आरोपी विक्की बसौर को हिरासत में लिया।क?ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया तथा चोरी की गई एक नग ट्रक बैटरी (अनुमानित कीमत 15,000/- रुपये) बरामद



कराई। पुलिस ने बैटरी जप्त कर ली तथा आरोपी के विरुद्ध भादवि की धारा 303 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आज दिनांक 18 नवंबर को आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस सराहनीय कार्य में प्रधान आरक्षक राजीव पटेल, राममडी तिवारी, आरक्षक आशुतोष मिश्रा एवं मकसूदन पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। थाना प्रभारी ने टीम को शाबासी दी तथा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मुस्तैदी बनाए रखने के निर्देश दिए।

## हवाला कांड में डीएसपी सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी.** मध्यप्रदेश के चर्चित 2.96 करोड़ रुपये के सिवनी हवाला कांड में एसआईटी जबलपुर ने मंगलवार को चार और आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया. अदालत ने सभी को 20 नवंबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है. क्राइम ब्रांच जबलपुर के एएसपी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि नवीन गिरफ्तार आरोपियों में बालाघाट हॉक फोर्स में पदस्थ सीएसपी पंकज मिश्रा, आरक्षक प्रमोद सोनी, हवाला कारोबारी पंजू गिरी गोस्वामी और मुख्य आरोपी सीएसपी पूजा पांडे के जीजा वीरेन्द्र दिक्षित शामिल हैं. जांच में सभी की भूमिका इस प्रकरण में षड्यंत्रकर्ता के रूप में सामने आई है. गौरतलब है कि मुख्य आरोपी सीएसपी पूजा पांडे रीवा जेल में बंद हैं, जबकि अन्य गिरफ्तार पुलिसकर्मियों को नरसिंहपुर सेंट्रल जेल में रखा गया है.


**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सतना म.प्र.**

क्र .224/प्रवा/अपर कले/25

सतना, दिनांक 17 .06 .2025

**// सार्वजनिक सूचना//**

**विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 6 के तहत**

--00--

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविकरण डोहर तनय स्व. श्री देवराज डोहर (अविवाहित) उम्र 24 वर्ष (10 .01 .2001) व्यवसाय-मजदूरी स्थायी निवासी ग्राम झोंटा, पोस्ट बैरहना वार्ड नम्बर 02, थाना सभापुर तहसील बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र. पिनकोड 485226 आवेदिका संध्या पटेल पुत्री अच्छेलाल पटेल (अविवाहित), उम्र 20 वर्ष (15 .06 .2005), व्यवसाय गृहणी स्थायी निवासी ग्राम इटौरा, पस्ट सराय थाना रामपुर बाघेलान तहसील रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. पिनकोड 485113 के द्वारा समक्ष में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतुआवेदन दिनांक 17 .06 .2025 को प्रस्तुत किया गया है.

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय में दिनांक 25 .11 .2025 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है. अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 17 .06 .2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

**अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला सतना (म.प्र.)**

**कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट, जिला-मैहर (म.प्र.)**

E-mail-cmochitrakoot@mpurban.gov.in phone 07670 265329

क्र/E-Tender/राजस्व/3922/2025 — दिनांक 14.11.25

**:: चतुर्थ ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::**

नगर परिषद् चित्रकूट द्वारा निम्नालिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | शासकीय नीलामी राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_463365_1 | कामदगिरी परिसर में फूलमाला विक्रय हेतु | 360000.00 | 3600 | 2000 | 03 माह |

शर्तें:-
1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाइड पर दिया जावेगा.
2. निविदा प्रपत्र केवल आनलाईन दिनांक 18.11.2025 को 17.30 बजे से 03.12.2025 में 17.30 बजे तक क्रय एवं भरे जा सकते हैं.
3. निविदा समस्त शर्तें निविदा प्रपत्र अनुसार होगी.
4. जिन संविदाकारों को निकाय द्वारा ब्लैक लिस्टेड या प्रतिबंधित किया गया है एवं जिन संविदाकारों द्वारा अनुबंध नहीं किया है, वह निविदा में भाग नहीं ले सकते है, और ना ही उनकी निविदाएं खोली जायेगी.
5. फूलमाला ठेका कामदगिरि का विक्रय स्थल केन्द्र बिहारी चौक एवं पूर्वी मुखारबिन्द में निर्धारित किया गया है.

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद चित्रकूट जिला-सतना (म.प्र.)**